वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 18 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने संबंधी सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। यह कदम निश्चित रूप से नागरिकों को वास्तविक समानता उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

स्थाई कमीशन के अतिरिक्त महिला अधिकारियों की कमांड पोस्ट पर नियुक्ति संबंधी निर्णय भी अति महत्वपूर्ण है। भारतीय समाज में महिलाओं को सभी स्थानों पर बराबर की भागीदारी उपलब्ध कराने के प्रयासों में यह कदम ऐतिहासिक है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "हम आशा करते हैं कि भारतीय समाज सामूहिक प्रयासों से महिलाओं के लिए समान अवसर, भागीदारी तथा सुरक्षा उपलब्ध करवाने के लिए अपने प्रयासों में निरंतरता और तेजी लाएगा तथा देश हर क्षेत्र में महिलाओं की पुरूषों के बराबर भागीदारी को प्राप्त करेगा। सर्वोच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)